समाचार

अप्पू गार्डेन की व्यवस्थाएं तुरंत दुरूस्त करे– महापौर

(उद्यान में सोमवार से किया जाएगा ट्रेन का संचालन)

कोरबा 20 फरवरी 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डेन) की सभी व्यवस्थाएं शीघ्र सुधारी जाए तथा उद्यान में उपलब्ध कराई गई सभी मनोरंजन सुविधाए बहाल की जाए। वेव्हपूल एवं बोटिंगपूल के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर उसे आमजनता के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जाए।

नगर पालिक निगम कोरबा के छ.ग.रा.वि.मं. चौक के समीप स्थित विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डेन) की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के पश्चात महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज उक्ताशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने आज निगम के अधिकारियों के साथ विवेकानंद उद्यान पहुंचकर उद्यान का निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उद्यान में स्थित वेव्हपूल की मरम्मत आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण कर उसे आमजन के लिए उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उद्यान में स्थित वोटपूल जिसमें निगम द्वारा आमजन के लिए बोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, में पानी का ठहराव न होने के परिणाम स्वरूप वोटिंग सुविधा का लाभ नहीं प्राप्त हो पा रहा है। महापौर श्रीमती अग्रवालने वोटपूल की मरम्मत किए जाने के संबंध में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। उद्यान में शौचालय एवं बाथरूम के निर्माण की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए उन्होने इस दिशा में भी तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उद्यान में पूर्व में स्थापित की गई लाईटिंग व्यवस्था को सुधारने तथा कुछ और जगहों पर भी लाईटिंग सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उद्यान की सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने तथा इस दिशा में निरंतर नजर रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

ट्रेन का संचालन सोमवार से– विवेकानंद उद्यान में उपलब्ध कराई गई ट्रेन संचालन की सुविधा इंजन में खराबी आ जाने के कारण कुछ समय से बंद पड़ी थी तथा इसका लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देश पर निगम द्वारा ट्रेन के इंजन का मरम्मत कार्य करा लिया गया है तथा आज महापौर के निरीक्षण दौरे के दौरान उक्त ट्रेन का ट्रायल भी किया। सोमवार से ट्रेन का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के लिए मिनी ट्रेन के संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अधिकारियों को दिये।

निगम के अन्य उद्यानों की व्यवस्था सुधारें– महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निगम द्वारा स्थापित पुष्पलता उद्यान, स्मृति उद्यान, सर्वमंगला उद्यान सहित अन्य उद्यानों की व्यवस्थाओं को शीघ्र सुधारा जाए तथा उद्यानों की लाईटिंग व्यवस्था व अन्य सुविधाओं का सुधार कार्य किया जाए ताकि आमनागरिकों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

आज विवेकानंद उद्यान में महापौर श्रीमती अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, मंगल बुधिया, निगम के कार्यपालन अभियंता एम.एन.सरकार, उप अभियंता डी.पी.साहू के साथ ही अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.....................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)